पेपर मिल्स की मनमानी गत्ता उद्योग पर भारी

Divya Himachal 09/02/11

नगर संवाददाता, सोलन

> सरकार द्वारा कोई कदम न उठाने पर जल्द करेंगे हड़ताल
>
> कारखाने बंद रहने से सेब बागबानों पर संकट के आसार

देश व प्रदेश की पेपर मिलों की मनमानी के चलते गत्ता उद्योग संघ के सैकड़ों पदाधिकारी इन दिनों सरकार से न्याय की गुहार लगाए बैठे हैं। पेपर मिलों द्वारा हर वर्ष की जाने वाली मनमानी वाले रवैये से परेशान होकर प्रदेश के करीब 250 व उत्तर प्रदेश के 75 उद्योगों के पदाधिकारी उनके खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी में हैं। बहरहाल 14 फरवरी को पेपर मिलों के मनमाने रवैये के खिलाफ रोष व्यक्त करते हुए अपने सभी उद्योगों को बंद करने का फैसला किया गया है। बताते चलें कि अगर प्रदेश के गत्ता कारखानों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी, तो सेब व अन्य वस्तुओं की पैकिंग की नौबत आ सकती है तथा प्रदेश के सैकड़ों बागबानों का लाखों रुपए का सेब घरों में सड़ सकता है।

देश व प्रदेश की पेपर मिलों की मनमानी व कथित धक्केशाही के चलते हिमाचल के सभी गत्ता उद्योग अपने कारखानों में एक दिन की हड़ताल रखेंगे और राज्य व केंद्र सरकारों को एक ज्ञापन देने की तैयारी में भी हैं। उन्होंने बताया कि पेपर के रेट में पांच से छह रुपए बढ़ोतरी एवं स्टिचिंग वायर में 40 फीसदी रेट बढ़ाना, मजदूरी एवं गम के रेट बढ़ाने के कारण अब गत्ता उद्योग अपने ग्राहकों को आपूर्ति करने में असमर्थ साबित हो रहा है। जीके सरदाना ने कहा कि उपरोक्त तथ्यों के कारण यह तय किया गया है कि आगामी 14 फरवरी को हिमाचल के सभी गत्ता उद्योग अपने कारखानों में पेपर मिल्स की मनमानी के विरोध में उद्योग बंद रखेंगे और सभी उद्योगपति एकत्र होकर रोष व्यक्त करेंगे। श्री सरदाना ने बताया कि अगर इसके बावजूद भी कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई, तो वे 21 फरवरी से दो दिन की कंपनी में दोबारा हड़ताल रखेंगे। यदि इसके उपरांत भी कोई एक्शन नहीं लिया गया, तो अनिश्चितकालीन हड़ताल भी की जा सकती है। हिमाचल गत्ता संघ बीबीएन के महासचिव सुरेंद्र जैन ने बताया कि यदि हालात सामान्य नहीं हुए, तो हमारा संघ इस समस्या में देश के सभी उद्योगों को शामिल करेगा तथा एक बार फिर से जंतर मंतर में किए आंदोलन को दोहराएगा। बीबीएन चैप्टर के प्रधान बलदेव गोयल ने कहा कि उत्तराखंड की लगभग 75 से ज्यादा फैक्टरियां भी उनके साथ जुड़कर कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार हैं। इस दौरान बीबीएन गत्ता संघ के सदस्य अशोक राणा, परवाणू से दौलत ठाकुर, बलदेव गोयल तथा अन्य कालाअंब व पावंटा प्लांट के भी पदाधिकारी यहां उपस्थित रहे।

सोलन : मंगलवार को पत्रकारों को संबोधित करते गत्ता उद्योग संघ के प्रधान व सदस्य